## खबर संक्षेप

### जर्जर एवं क्षतिग्रस्त स्कूलों व आंगनबाड़ी भवनों में न हो संचालन

**कटनी।** वर्षा ऋतु के मद्देनजर बाढ़ आपदा प्रबंधन के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने समय-सीमा बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया है कि जर्जर एवं क्षतिग्रस्त शासकीय शाला भवनों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में कक्षाओं का संचालन न हो। साथ ही अन्य किसी भी गतिविधियों में जर्जर स्कूंल व आंगनबाड़ी केन्द्रों के कमरों या भवनों का उपयोग नहीं किया जाय। इस हेतु मौके पर जांच कर संयुक्त. रूप से सत्यामपन उपरांत निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मी सम्मानित

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा सप्ताह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न थानों में तैनात पुलिसकर्मियों को थाना स्तर पर आमजन की मदद, अपराधों के खुलासे, वारंटियों की गिरफ्तारी, साइबर जागरूकता, जनसंपर्क एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में बेहतर योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। थाना प्रभारी कोतवाली अजय सिंह, चौकी प्रभारी बस स्टैंड उनि.योगेश मिश्रा, उनि शैलेंद्र सिंह थाना बरही, सउनि विजय गिरी थाना कोतवाली, प्रधान आरक्षक जोगिदंर तिवारी थाना बाकल, प्रधान आरक्षक दीपक परस्ते, आरक्षक बुध्दु सिंह थाना बाकल, आरक्षक दीपक तिवारी थाना कोतवाली, आरक्षक रोहित सिंह थाना कोतवाली, आरक्षक बुधराज सिंह थाना कोतवाली पुलिस विभाग में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल निरंतर जारी रहेगी, जिससे पूरे बल में कार्य के प्रति प्रतिबद्धता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रहे।

### बीएलओ को प्रशिक्षण

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग ने फोटो निर्वाचन नामावली को त्रुटिरहित बनाने की दृष्टि से तथा बीएलओ के क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के अंतर्गत आने वाली चारों विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को विधानसभावार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित प्रशिक्षण के अंतर्गत विधानसभा बड़वारा में 100, विजयराघवगढ़ में 100 एवं बहोरीबंद में 100 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार बुधवार को विधानसभा बड़वारा में 105, विजयराघवगढ़ में 100 एवं बहोरीबंद में 100 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 50-50 बीएलओं एवं बीएलओ सुपरवाईजर की पाली बनाकर नियुक्त मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाली विधानसभा के प्रशिक्षण केन्द्रों का स्वयं निरीक्षण करने के निर्देश दिये गए हैं।

### हादसे में बाइक सवार प्रौढ़ की हुई मौत

**ढीमरखेड़ा।** डिवाइडर से टकराकर घायल हुए प्रौढ़ की उपचार दौरान मौत हो गई। प्रौढ़ मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था। घटना ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुटी है। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि थाना क्षेत्र के निमहा रिछाई निवासी बाल कुमार पिता मिही लाल मरकाम (52) सोमवार को मोटरसाइकिल से उमरियापान किसी काम से आया था। वापस घर लौटते समय रामपुर और झिंना पिपरिया के बीच सड़क किनारे लगे डिवाइडर से टकरा गया जिसे गंभीर चोटें आई। उमरियापान अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा उसकी मौत हो गई।

### अधिक कमाई के लिए बता दी जाती हैं तमाम तरह की जटिलताएं

# निजी अस्पताल में सामान्य की बजाए सिजेरियन डिलेवरी बन गया व्यवसाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सरकारी अस्पताल में जहां गंभीर परिस्थितियों में सिजेरियन डिलीवरी कराई जाती है वहीं निजी अस्पतालों में सिजेरियन डिलीवरी (सी-सेक्शन) एक व्यवसाय बन गई है। अधिक कमाई के लिए सामान्य प्रसव के बजाय सिजेरियन डिलीवरी को प्राथमिकता दी जा रही है। निजी अस्पतालों को सिजेरियन डिलीवरी से सामान्य डिलीवरी की तुलना में अधिक कमाई होती है। मसलन निजी अस्पतालों में यदि सामान्य डिलेवरी में 10 से 15 हजार रूपए खर्च आता है तो सिजेरियन डिलीवरी में यह खर्च दोगुना से तीन तक पहुंच जाता है। सिजेरियन डिलीवरी एक तय समय पर की जा सकती है, जिससे डॉक्टरों और अस्पताल के कर्मचारियों के लिए समय का प्रबंधन करना आसान हो जाता है।

प्राइवेट अस्पतालों में डॉक्टर अक्सर प्रसूताओं के परिजनों के सामने बच्चे की जान पर खतरे की आशंका जताते हैं। जैसे बच्चा उल्टा हो गया है, उसके गले में कॉर्ड फंस गया है या फिर उसके मुंह में गंदा पानी चला गया है। अस्पताल में आने वाले ज्यादातर लोग इससे डर जाते हैं और वे डॉक्टर को तुरंत सर्जरी करने की इजाजत दे देते हैं। प्रसव के तत्काल बाद नवजात बच्चों को खतरा बताकर आईसीयू, एसएनसीइयू या फिर वॉर्मर, वेंटीलेटर आदि में रखे जाने का चलन भी तेजी से बढ़ा है। प्रसव के बाद विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की विजिट कराने के नाम पर प्रति डॉक्टर फीस वसूली का एक नया जरिया बनती जा रही है। शहर के प्राइवेट अस्पतालों में सिजेरियन डिलेवरी रुपए कमाने का फार्मूला बन गई है।

ऑपरेशन से पहले परिजनों से फार्म भरा लिया जाता हैं। एक बार हामी भरने के बाद नर्सिंग होमों में सर्जरी के लिए दवाओं की लिस्ट पकड़ा दी जाती है। दवा भी उसी नर्सिंग होम की दुकान से खरीदनी पड़ती है। इन दवाओं की कई हजार रुपए की होती है। कई मामलों में मरीज के परिजनों को आरोप लगाते देखा गया है कि सर्जरी के दौरान इस्तेमाल नहीं की गई दवाओं को प्राइवेट अस्पताल के कर्मचारी परिजनों को लौटाने के बजाय चोरी-छिपे बेच देते हैं।

निजी अस्पतालों में कारोबार बन चुके सिजेरियन प्रसव (ऑपरेशन से प्रसव) पर अंकुश लगाना असंभव बना है। दरअसल, सरकार ने इसके मानिटरिंग के लिए नियम बनाए हैं और जिम्मेदारों के हाथों में कार्रवाई के अधिकार भी दिए हैं। लेकिन अपने अधिकार को जिम्मेदार भूले बैठे हैं और नतीजा है कि निजी अस्पताल तो अपने यहां होने वाले सिजेरियन प्रसव का आंकड़ा तक चिकित्सा विभाग को नहीं भेजते हैं।

शहरी क्षेत्र में दर्जन भर से अधिक निजी अस्पताल ऐसे हैं, जहां प्रसव की सुविधा मौजूद है। अस्पतालों में अपने निजी को प्राथमिकता दी जाती है उन पर सख्ती करने का अधिकार रखने वाले चिकित्सा विभाग के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

पढ़ी-लिखी महिलाएं भी प्रसव पीड़ा से बचने के लिए सिजेरियन डिलीवरी का चयन करने लगी हैं। कड़वी सच्चाई यह भी है कि ज्यादातर मामलों में निजी अस्पतालों का व्यावसायिक हित अधिक हावी रहता है। यही वजह है कि सरकारी व निजी अस्पतालों के सिजेरियन डिलीवरी के आंकड़ों में भारी अंतर है। प्राइवेट अस्पतालों में सिजेरियन डिलीवर अधिक होने के कई कारण हैं। बड़ा कारण यह है कि निजी अस्पतालों के डॉक्टर व्यावसायिक हित को ध्यान में रखकर पैसे के लिए सिजेरियन डिलीवरी कराना अधिक पसंद करते हैं। इसके अलावा लोगों की सोच में भी बदलाव आया है। बड़े निजी अस्पतालों में संपन्न परिवारों की गर्भवती महिलाएं प्रसव के लिए पहुंचती हैं।

## भगवान नेमीनाथ की प्रतिमा से जल धारा हुई प्रवाहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



नगर स्थित जैन मंदिर मे सोमवार की रात 8 बजे आस्था का अद्भुत करिश्मा देखने को मिला। मंदिर मे विराजित भगवान नेमीनाथ की प्रतिमा से जल धारा प्रवाहित हुई। जल धारा प्रवाहित होने का यह चमत्कार जैन समाज के बालको ने देखा जो रात्रि मे पाठशाला मे अध्ययन कार्य के लिए गये। जल धारा प्रवाहित होने का यह दृश्य देख जैन समाज के लोगों को बतलाया। समाज दो -चार लोग जब मंदिर पहुंचें ओर भगवान नेमीनाथ की प्रतिमा से जल की धारा प्रवाहित होने का एकाएक दृश्य देखा तों सभी अंचभित हो गये ओर भगवान के इस चमत्कार को देखने नतमस्तक हो गये। दृश्य देखने के बात सामाजिक ग्रुपो मे इस चमत्कारी दृश्य की फोटो शेयर की गई है व फोन के माध्यम से जानकारियां साझा की। देखते ही देखते ही बड़ी संख्या कई गावों से जैन समाज के लोग पहुंच गये साथ अन्य समाज के लोगों को भी जब यह जानकारी लगी तों वो भी यह दृश्य देखने पहुंचें जिसने भी इस चमत्कारी दृश्य को देखा सभी भगवान नेमीनाथ को प्रमाण किया।

सकल जैन समाज के लोगों ने बतलाया कि यह भगवान नेमीनाथ का ही चमत्कार है जो प्रतिमा से जल धारा प्रवाहित हुई। जल धारा प्रवाहित दृश्य देख आस्था के इस चमत्कारी दृश्य के सैकड़ो लोग साक्षी बने।

स्लीमनाबाद सकल जैन समाज के अध्यक्ष श्रेयांश जैन, सतीशचंद्र जैन,पप्पू जैन, मयूर जैन, मयंक जैन, आकेश जैन संदीप जैन, बबला जैन ने बतलाया कि नेमीनाथ भगवान जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर थे। उनका जन्म शौरीपुर (द्वारका) में हुआ था। वे यदुवंशी राजा समुद्रविजय और रानी शिवादेवी के पुत्र थे। नेमिनाथ भगवान का विवाह जूनागढ़ के राजा उग्रसेन की पुत्री राजुल से तय हुआ था, लेकिन उन्होंने सांसारिक सुखों से विरक्त होकर विवाह नहीं किया और दीक्षा ले ली।

### महापौर एवं निगमायुक्त को ज्ञापन सौंप समस्या दूर करने की गई मांग

## सड़क, नाली एवं प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने से परेशान हो रहे रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



राम जानकी हनुमान वार्ड क्रमांक 18 अन्तर्गत रोशन नगर में सड़क व नाली निर्माण एवं स्ट्रीट लाइट की समस्या से परेशान रहवासियों ने महापौर एवं निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही समस्या का समाधान किये जाने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि विगत वर्ष महापौर द्वारा उपरोक्त क्षेत्र में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मुरूम डलवाकर समतलीकरण करने हेतु स्थानीय इंजीनियर को निर्देशित भी किया था लेकिन आज दिनांक तक कोई भी कार्य नहीं कराया गया है।

रोशन नगर में प्राइड जिम से लेकर ब्रह्मकुमारी आश्रम तक सड़क व नाली निर्माण नहीं होने से बारिश में घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों के स्कूल जाने में भी असुविधा का सामना करना पड़ता है साथ ही लोग दुर्घटनाग्रस्त भी हो रहे हैं। बीमार पड़ने पर एम्बुलेंस के लिए भी पक्की सड़क तक मरीज को लेकर जाना पड़ता है और सर्प दंश की घटनाएं भी घट चुकी है। घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी नहीं होने से विभिन्न संक्रामक बीमारियों से लोग बीमार हो रहे हैं

इसी तरह वर्षों बीत जाने के बाद भी लगाए गए बिजली के खंभों की लाइन चालू नहीं की जा रही है और विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर चालू करने के लिए परमिट नहीं दिए जाने का बहाना बनाया जा रहा है जिससे लोग दूर दूर से तार खींचकर अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेकर भारी बिजली का बिल चुकाने को विवश है। स्ट्रीट लाइट नहीं होने से शाम होते ही अंधेरा छा जाता है जिससे अंधेरे में दुर्घटना भी घटित होती है और चोरी की घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है। उक्त मामले में विद्युत विभाग के अधिकारियों का रवैया बेहद ही निराशाजनक है

स्थानीय पार्षद रागिनी गुप्ता द्वारा बताया गया कि विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री से लेकर कार्यपालन यंत्री मुकेश महोबे को सारी जानकारी देने के बाद भी लाइन चार्ज करने का परमिट नहीं दिया जा रहा है क्षेत्र के सड़क, नाली निर्माण के प्रस्ताव भी तैयार किए जा चुके हैं ।

## निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का किया निरीक्षण



बरही तहसील अंतर्गत करेला में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का क्षेत्रीय विधायक संजय सतेन्द्र पाठक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण की प्रगति गुणवत्ता कार्य की समय सीमा तथा आधारभूत सुविधाओं से संबंधित बिन्दुओं का अवलोकन किया गया। उपस्थिति अधिकारियों एवं कार्य दायी संस्था को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये साथ ही नियत समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण करने कहा गया जिससे विद्यार्थियों को शीघ्र ही गुणवत्ता पूर्ण शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकें।

## कीचड़ से सने रास्ते पर अंतिम सफर, शिकायत के बाद भी जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा क्षेत्र के नेगई गांव स्थित मुक्तिधाम में मूलभूत सुविधाओं का अभाव ग्रामीणों की परेशानियों को बढ़ा रहा है। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील अवसर पर लोगों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की नेगई ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम तक जाने का रास्ता खराब है। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। कीचड़ और गंदगी के बीच अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को निभाना ग्रामीणों के लिए बेहद कष्टदायक हो गया है। मुक्तिधाम तक जाने के लिए न तो पक्की सड़क है, न बैठने की व्यवस्था और न ही पानी या शेड जैसी बुनियादी सुविधाएं।

ग्रामीणों ने बताया कि कच्ची सड़क होने के कारण बरसात में मुक्तिधाम तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। बीते तीन दिन पहले गांव में एक युवक की मौत हो जाने पर ग्रामीण कीचड़ से सने हुए रास्ते से शव को अंतिम संस्कार के मुक्तिधाम तक लेकर पहुँचे। रास्ता खराब होने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ी। कीचड़ में ग्रामीण जूते चप्पल उतार कर कीचड़ में चले। कीचड़ में फिसलन के कारण लोग गिरते भी बचे।ग्रामीणों ने मांग है कि शान्तिधाम में शीघ्र ही पक्की सड़क, छायादार शेड, पानी की सुविधा और साफ-सफाई की स्थायी व्यवस्था की जाए।

### सभी विद्यार्थियों के करियर डायरी एवं फोल्डर होंगे तैयार

## सांदीपनि विद्यालयों में यूनिसेफ के सहयोग से चलेगा कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सांदीपनि विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का करियर मार्गदर्शन यूनिसेफ के सहयोग से दिया जायेगा। कॅरियर रिफ्रेशर प्रशिक्षण के द्वारा प्रत्येक विद्यालय के एक नोडल शिक्षक को संसाधनों को उपयोग करने के लिये सक्षम बनाया जा रहा है। नोडल शिक्षक के माध्यम से ही विद्यालय में कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान करने वाली गतिविधियां संचालित की जायेंगी। कॅरियर मार्गदर्शन के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के आयुक्त लोक शिक्षण कार्यालय ने प्रदेश के समस्त सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्यों को पत्र लिखकर दिशा-निर्देश जारी किया है।

नोडल शिक्षक एवं कक्षा शिक्षक की सहायता से सभी विद्यार्थियों से कॅरियर इनफॉर्मेशन डायरी और कॅरियर फोल्डर तैयार कराया जायेगा, जिसमें हर माह की कॅरियर संबंधी जानकारी संधारित कराई जायेगी। कॅरियर गतिविधियों का संचालन राज्य स्तर से जारी कॅरियर कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों में नियमित रूप से संचालित कराया जायेगा। निर्देश में यह भी कहा गया है कि विद्यालय समय सारणी में विद्यार्थियों के कॅरियर मार्गदर्शन के लिये कम से कम 2 पीरियड प्रति माह आवंटित किये जायें। विद्यालय में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार कॅरियर नोडल शिक्षक एवं सहयोगी शिक्षकों के माध्यम से कॅरियर मार्गदर्शन सत्रों की योजना बनाकर सुव्यवस्थित संचालन करवाया जाये। कॅरियर गाइडेंस में प्रशिक्षित नोडल शिक्षक के माध्यम से विद्यालय के कक्षा 9 से 12 तक अध्यापन कराने वाले अन्य 2 शिक्षकों को भी शाला स्तर पर प्रशिक्षित करके उनका सहयोग लिया जाये।

विद्यालय में प्रार्थना सभा में कॅरियर गाइडेंस के तहत किसी एक डोमेन से संबंधित एक या दो कॅरियर कार्ड की संक्षिप्त जानकारी सप्ताह में किन्हीं 3 दिनों में साझा की जा सकती है। इस प्रक्रिया से विद्यार्थी कॅरियर के प्रति रूचि लेकर स्वयं कार्ड पढ़कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेगा। निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक सांदीपनि विद्यालय में एक कॅरियर कार्नर बनाया जाये जिसमें कॅरियर संबंधी सामग्री, कॅरियर कार्ड, पोस्टर, ब्रोशर और विद्यार्थी द्वारा बनाई गई सामग्री प्रदर्शित की जाये।

सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्यों से इस शैक्षणिक सत्र में जनवरी माह में कॅरियर मेला आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के लिये कहा गया है। विद्यालय स्तर पर मॉनिटरिंग के लिये प्राचार्यों से कहा गया है कि कॅरियर मार्गदर्शन से संबंधित विमर्श पोर्टल की मॉनिटरिंग फार्म को नोडल शिक्षक की सहायता से भरवाया जाये। प्राचार्य द्वारा कम से कम 2 कॅरियर मार्गदर्शन कक्षाओं का अवलोकन करके संबंधित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन दिया जाये।

### महापौर की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित

## एमआईसी की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत लिए गए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर पालिक निगम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में मंगलवार को मेयर इन काउंसिल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मार्गो के नामकरण सहित नगर निगम के सुचारू कार्य संपादन हेतु कर्मचारियों की स्वीकृति, सहित अन्य प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया जाकर निर्णय लिया गया।

बैठक में एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुरेन्द्र गुप्ता, सुभाष शिब्बू साहू, जयनारायण निषाद, गोविंद चावला, श्रीमती सुमन राजू माखीजा, तुलसा गुलाब बेन, बीना संजू बैनर्जी सहित निगमायुक्त नीलेश दुबे एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक के दौरान गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड के दो मार्गो के नामकरण किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार विमर्श के दौरान महापौर द्वारा नामकरण के लंबित अन्य प्रकरणों की जानकारी चाही गई। विभाग द्वारा बताया गया कि दो वार्डो के प्रस्ताव नामकरण हेतु विचाराधीन है जिसपर महापौर एवं सदस्यों द्वारा पूर्ण जानकारी के साथ आगामी बैठक में प्रस्ताव रखे जानें हेतु कहा गया।

बैठक में निगम कार्यालय की सुचारू कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं जल प्रदाय शाखा में कार्यरत श्रमिकों की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई। जबकि ए रविन्द्र राव उच्चतर माध्यमिक शाला में शिक्षकों के प्रस्ताव पर विचारोपरांत निकाय की तीनों शालाओं में पूर्वानुसार दो माह के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं दिवंगत कर्मचारी गुरूदत्त प्यासी वाहन शाखा के स्वत्वों के भुगतान संबंधी प्रस्ताव पर विधिक राय लेकर आगामी कार्यवाही करने हेतु सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान अन्य विषयों के रूप में विद्युत विभाग के 9 श्रमिकों की स्वीकृति, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एएचपी घटक के द्वितीय चरण में प्रेम नगर खिरहनी के पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति के संबंध में एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत बीएलसी घटक के 304 हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन तथा राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित अहमद नगर में निर्माण कार्य की अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, आदेश जैन उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा, अश्विनी पांडेय, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटेल, निगम सचिव पारसनाथ प्रजापति, एवं ए.रवीन्द्र राव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य मनोज चौधरी उपस्थित रहे।

## भुड़सा छात्रावास वार्डन निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा विकासखण्डा के ग्राम भुड़सा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में आगजनी की घटना के बाद दस्तावेजों की क्षति को लेकर लापरवाही बरतने के मामले मे छात्रावास वार्डन श्रीमती यशोदा कोरी को जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल से प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई जांच में यह सामने आया कि छात्रावास में लगी आग से सभी शैक्षणिक और वित्तीय दस्तावेज नष्ट हो गए तथा जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि दस्तावेजों की सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानियां नहीं बरती गईं। पूर्व जांच में यह भी पाया गया कि वार्डन द्वारा केवल कम महत्त्वपूर्ण दस्तावेजों की ही सुरक्षा की गई, जबकि महत्वपूर्ण वित्तीय अभिलेखों को उपेक्षित कर दिया गया। वार्डन श्रीमती यशोदा कोरी को पूर्व में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, किंतु उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया।

### मिलेगा जीवन निर्वाह भत्ता

उनके इस कृत्य को म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के अंतर्गत कदाचरण की श्रेणी में माना गया है। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश अनुसार, श्रीमती कोरी को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 की धारा 9(1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बड़वारा नियत किया गया है और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

## खबर संक्षेप



### चालीहा महोत्सव के तहत धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ

**कटनी।** भगवान श्री झूलेलाल चालीहां महोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंधी समाज द्वारा अपार उत्साह एवं हर्ष के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंगलवार 8 जुलाई से झूलेलाल चालीहां महोत्सव समिति द्वारा गुरूनानक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया । सुबह 11 बजे झूलेलाल मंदिर में गणमान्य नागरिकों तथा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पं. दिनेश शर्मा द्वारा पूज्य बहराणे साहिब की पूजा अर्चना, पल्लव आरती व भजन कीर्तन के साथ भगवान श्री झूलेलाल जी की अखंड ज्योति प्रज्वलित करने के साथ ही व्रतधारियों का संकल्प बंधन से व्रतों की शुरूआत के साथ चालीहां महोत्सव का विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया व इस अवसर पर महेश म्यूज़िकल पार्टी द्वारा गीत,संगीत का आयोजन किया गया इस भव्य 40 दिवसीय चालीहां महोत्सव में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम व सुबह शाम भजन कीर्तन, आरती, पल्लव आदि कार्यक्रम संपन्न होंगे।

### सर्पदंश से मौत के मामलों की जांच करने समिति गठित

**कटनी।** वर्षा ऋतु की शुरुआत के साथ जिले में सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर सर्पदंश से होने वाली मृत्यु की घटनाओं की जांच हेतु पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर सर्पदंश से होने वाली मौतों की जांच के लिए गठित पांच सदस्यीय समिति की अध्यक्ष संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया को बनाया गया है। अन्य सदस्यों में डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्यहारे, डीएसपी (मुख्यालय) उमराव सिंह, वन विभाग के एस.डी.ओ. श्री सुरेश बोरले तथा जिला अस्पताल कटनी के एम.डी. डॉ. पारितोष सोनी शामिल हैं। समिति को निर्देशित किया गया है कि वह सर्पदंश की घटनाओं से होने वाली मृत्यु के मामलों की जांच कर तीन दिवस में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। इसके अलावा भू-अभिलेख विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन सर्पदंश की घटनाओं की जानकारी निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार इस जांच समिति को उपलब्ध कराएं।

### सार्वजनिक स्थलों में चला विशेष सफाई अभियान



**कटनी।** नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर मंगलवार प्रातः बस स्टैंड परिसर सहित यात्री प्रतीक्षालय में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के अन्य विभिन्न सार्वजनिक स्थलों झंडा बाजार, गोल बाजार, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, मुक्तिधाम परिसर, रैन बसेरा, गाटरघाट कर्बला स्थल सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य एवं अन्य मार्गो सहित डिवाइडर की सफाई कराई जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया। वर्षाकाल के मद्देनजर सुगम पानी निकासी की व्यवस्था हेतु बाबा नारायण शाह वार्ड में खेमचंद जी के मकान के सामने झाड़ियों की कटाई सहित वार्ड क्रमांक 3 स्थित पन्नी कालोनी गल्ला मंडी रोड के पीछे, वार्ड क्रमांक 6 स्थित कैलवारा में नोबल स्कूल के पास कच्ची नाली खोदकर पानी की निकासी, वार्ड क्रमांक 23 में पुराना पशु चिकित्सालय के पास एवं गर्ग चौराहा में निगम जी के मकान के पास, वार्ड क्रमांक 29 स्थित डॉ मनीष लालवानी के घर के पीछे सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के विभिन्न स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

## पशुओं को आवारा छोड़ने से बाज नहीं आ रहे लोग, अब कार्रवाई का हंटर

# कलेक्टर की सख्ती के बाद हुई कार्रवाई 3 पशु पालकों पर दर्ज हुई एफआईआर

मुख्य मार्गो में पशुओं को खुला छोड़ने वाले पशु पालकों पर अब कार्यवाही का हंटर चलेगा। कलेक्टर द्वारा सख्त निर्देश दिये जाने के बाद अधिकारी कर्मचारी हरकत में आए और सड़कों में आवारा घूमने वाले मवेशियों को पकड़कर टैग से पहचान करते हुए पशु मालिकों के विरूद्ध एफआइआर दर्ज कराने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। तीन पशु पालकों के विरूद्ध स्लीमनाबाद थाना में एफआइआर दर्ज होने के बाद पशुमालिकों में हड़कंप मच गया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

राष्ट्रीय राजमार्ग सहित मुख्य मार्गो में मवेशियों की वजह से जहां आवागमन अवरोधित होता है वहीं कई बाद हादसों में वाहन चालकों की मौत तक हो जाती है। इसके अलावा हादसों में मवेशियों की भी असमय मौत हो जाती है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए पशु पालकों से अपने पशुओं को आवारा नहीं छोड़ने कई बार अपील एवं कार्यवाही की चेतावनी दी गई बावजूद इसके कोई सुधार नहीं होने पर कलेक्टर द्वारा सख्ती अपनाते हुए जुर्माना एवं एफआइआर दर्ज कराने की कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

ग्राम पंचायतों मे निर्देशों पालन करने देखने को मिल रहा है। ग्राम पंचायत छपरा के सचिव विजय कोरी के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मे मवेशियों को आवारा छोड़ने पर ग्राम पंचायत छपरा के तीन पशु पालको के एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के द्वारा बीएनएस की धारा 223 के तहत तीनों महिला पशु पालको के एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### इन्होंने दर्ज कराई एफआइआर

सचिव विजय कोरी ने बताया कि मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मे आवारा मवेशी विचरण क़र रहे थे जिन्हे राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाया गया ओर जो टैग लगे थे उससे पशु विभाग के सहयोग से पशु पालको की पहचान की गई जिसमें ग्राम पंचायत छपरा निवासी मालती मिश्रा, नेहलता सेन व सीताबाई सेन पशु पालक थी जिनके खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन स्लीमनाबाद थाना भेजा गया ओर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव, सचिव विजय कोरी व रोजगार सहायक आनंद हल्दकार ने स्लीमनाबाद थाना पहुंचकर तीनों महिला पशु पालको के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।



## स्कूली बसों की जांच कर नियमों का पालन करने दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विकासखंड मे संचालित स्कूली बसों के संचालन मे कोताही बरतना भारी पड़ सकता है क्योंकि बहोरीबंद विकासखंड मे स्कूली बसों की जाँच अधिकारियो के द्वारा शुरू कर दी गई है।

### कमिया मिलीं तो कार्रवाई

मंगलवार को तहसीलदार नेहा जैन निजी स्कूलों मे जाकर बसों की जाँच की जहाँ तहसीलदार ने सभी आवश्यक दस्तावेज जांचे साथ स्पष्ठ निर्देश स्कूल प्रबंधन व चालको को दिए कि स्कूली बसों का फिटनेस, बीमा, परमिट आदि जरूरी दस्तावेज होना अनिवार्य रहेगा कोई भी कमी पाए जाने पर कार्रवाई होगी। बसों के वैध प्रमाण पत्र एवं बसों में लगाई जाने वाली एलटीडी डिवाईस, स्पीड गवर्नर, एफएपीएस (अग्नि सुरक्षा उपकरण), सीसीटीवी कैमरा इत्यादि उपकरण हो। बसों के आगे-पीछे स्कूल बस लिखा होना चाहिए, अगर किसी एजेन्सी से बस अनुबंध पर ली गई है तो उस पर ऑन स्कूल ड्यूटी लिखा होना चाहिए। बसों में प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स होना चाहिए। बस में परिवहन विभाग द्वारा स्वीकृत स्पीड गवर्नर लगा होना चाहिए। प्रत्येक बस में आग बुझाने के उपकरण होना चाहिए।

स्कूल बस में जीपीएस और सीसीटीवी अनिवार्य है और उन्हें हर समय काम करने की स्थिती में रखा जाना चाहिए।निरीक्षण के दौरान हल्का पटवारी मनोज मौर्य भी उपस्थित रहे।

*8682 रूपए मूंग एवं 7400 रूपए उड़द का निर्धारित है समर्थन मूल्य*

## जिले के 7 केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द की खरीदी 8 अगस्त तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विपणन वर्ष 2025-26 में औसत अच्छी गुणवत्ता के ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उडद के उपार्जन हेतु जारी नीति के तहत कलेक्ट्र दिलीप कुमार यादव के ने ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन हेतु उपार्जन केन्द्र एवं स्थल निर्धारित कर दिया है।

औसत अच्छी गुणवत्ता के ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का उपार्जन हेतु समर्थन मूल्य क्रमशः 8 हजार 682 रूपये प्रति. क्विंटल तथा 7 हजार 400 रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। जबकि उपार्जन अवधि 8 अगस्त् तक नियत की गई है। जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग व उड़द की खरीदी शुरू हो चुकी है।

उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक किया जाएगा। जबकि कृषक तौल पर्ची शाम 6 बजे तक जारी की जाएगी। यदि किसी कारणवश सोमवार से शुक्रवार तक उपज की तौल नहीं होती तो तौल शनिवार को की जाएगी।

कृषकों को अपने उपज विक्रय के समय उपार्जन केन्द्र पर आधार कार्ड की प्रति, आधार कार्ड खातें से लिंक बैंक खाता नंबर, आई.एफ.सी. कोड एवं शाखा, समग्र सदस्य आई.डी की प्रति (न होने की दशा में पेन कार्ड की प्रति), वनाअधिकार पट्टाधारी को पट्टे की प्रति, किसान पंजीयन पर्ची का हस्ताक्षरित प्रिंटआउट, खसरे/ऋण पुस्तिका (मोबाईल ऐप से पंजीयन कराने वाले किसानों हेतु) दस्तावेज जमा करना होगा, जिनका मिलान केन्द्र प्रभारी द्वारा किया जायेगा एवं मिलान होने के उपरांत कृषक तौल पर्ची जारी करने की कार्यवाही की जायेगी। जिन कृषकों द्वारा पंजीयन के समय उक्त दस्तावेज दिये गये है, उनकों पुनः दस्तावेज उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार मूँग एवं उड़द के उपार्जन हेतु जिले में 7 खरीदी केन्द्रक बनाये गये हैं। कटनी तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति कैलवाराकला को उपार्जन संस्थाी बनाया गया है। जबकि उपार्जन स्थल रूचि वेयर हाउस इन्द्रा नगर रीठी रोड को निर्धारित किया गया है।

कटनी नगर में उपार्जन संस्थाा विपणन सहकारी संस्थाय कटनी को बनाया गया है। जबकि उपार्जन स्थल हिन्द एनर्जी एण्ड कोल बे. इंडिया लिमि. होगी। स्लीमनाबाद में उपार्जन संस्था् प्राथमिक कृषि तेवरी होगी। जबकि भोला राम वेअर हाउस 55 स्लीमनाबाद को उपार्जन स्थाल निर्धारित किया गया है।

ढीमरखेड़ा में उपार्जन संस्था प्राथमिक कृषि साख समिति ढीमरखेड़ा एवं उपार्जन स्थंल मंडी प्रांगण पानउमरिया को निर्धारित किया गया है। बड़वारा में प्राथमिक कृषि साख समिति विलायतकला को संस्थाा एवं शिवरजिया वेअर हाउस 123 को उपार्जन संस्थाा निर्धारित किया गया है। बहोरीबंद में प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद सरस्विती वेअर हाउस 91 नीमखेड़ा बहोरीबंद बनाया गया है।

## युवक की जान बचाने वाली टीम को किया गया सम्मानित



नदी के तेज बहाव में बहे एक युवक की जान बचाने वाली टीम को सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि रविवार को मछली पकड़ने के दौरान एक युवक नदी के तेज बहाव के कारण फंस गया। सूचना मिलते ही पुलिस तथा एसडीईआरएफ ( राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल) की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने बिना देरी किए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और कुछ ही समय में युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। युवक को प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में तत्परता और जोखिम उठाने की भावना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं जिला प्रशासन द्वारा रेस्क्यू में शामिल पुलिसकर्मियों एवं एसडीईआरएफ के जवानों को सम्मानित किया गया। बचाव दल में कोतवाली प्रभारी अजय सिंह, बस स्टेण्ड चौकी योगेश मिश्रा प्रभारी एएसआई विजय गिरी आरक्षक दीपक तिवारी आरक्षक रोहित सिंह, बुधराज, अनिल गौतम सहित उनकी टीम एवं होमगार्ड सैनिक विवेक विश्वकर्मा, भरत मिश्रा, उमेश मिश्रा, राधिका सिंह, प्रेमलाल यादव, रोशन सिंह एवं धनेन्द्र त्रिपाठी शामिल रहे।

## स्कूलों में नामांकन, मैपिंग फीडिंग सहित परीक्षा परिणाम की समीक्षा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिये गये निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों के नामांकन की मौजूदा प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में कक्षा पहली, छठवीं और नवमी में नामांकन, मैपिंग फीडिंग के साथ साथ कक्षा 5वी और 8वी के परीक्षा परिणाम की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सीईओ श्री गेमावत स्कू लों में शत-प्रतिशत नामांकन पूरा करने के निर्देश दिए । बैठक में सीईओ श्री गेमावत ने प्रवेश से वंचित बच्चों की सूची उपलब्ध करवाकर एक–एक बच्चे को चिन्हित कर उनसे सम्पर्क कर, जरूरत पड़ने पर उनके पालक से भी सम्पर्क कर ऐसे बच्चों का प्रवेश कराने निर्देशित किया।

साथ ही उन्होंने हिदायत दी कि किसी भी बच्चे को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही स्कूल परिसर की साफ सफाई के साथ–साथ मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर भी ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंलने पाठयपुस्तक वितरण जल्द से जल्द कराने, बरसात के मौसम को देखते हुए बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार व अध्यापन कार्य कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, जिला समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी, शिक्षा ओआईसी विवेक दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटनी धनश्री जैन, एके कोरी, एपीसी सुवरण सिंह राजपूत के अलावा सभी विकासखंडों के बीआरसी मौजूद रहे।

*जन सुनवाई में 148 लोगों ने अधिकारियों से बताई समस्याएं*

## शासन की योजना का लाभ दिलाने तो किसी ने राशि दिलाये जाने की फरियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने यहां पहुंचे 148 आवेदकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई जिला मुख्यालय से लेकर अनुविभाग, तहसील और विकासखंड मुख्यालय सहित ग्राम पंचायतों में भी आयोजित की गई।

इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति लटोरिया, एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा और डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, एवं ज्योति लिल्हारे मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान कुम्हार मोहल्ला् कैंप निवासी एकता दाहिया ने आवेदन देते हुये बताया कि मेरे माता-पिता का देहांत हो चुका है। मैं अपनी नानी के साथ रहती हूँ एवं मुझे शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर महिला एवं बाल विकास विभाग को पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं के लाभ दिलाने के निर्देश दिये गए।

जनपद पंचायत कटनी निवासी आनंद कुमार कोरी ने बताया कि मेरे पिता का स्व र्गवास हो चुका है। मेरे पिता संबल योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक थे। परंतु, पोर्टल में गलत जनम्तिथि दर्ज होने के कारण योजनांतर्गत अनुग्रह राशि नहीं मिल पा रही है। इस पर सीईओ जनपद पंचायत कटनी को आवश्यनक कार्यवाही कर शिकायत के निराकरण करने के निर्देश दिये गए।

ग्राम पहरूआ निवासी सुधारानी गोस्वाणमी पति स्वा. मुनीमपुरी गोस्वाामी ने अपनी समस्यार बताते हुये कहा कि मेरे पति द्वारा वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योवति बीमा योजना के अंतर्गत पॉलिसी ली गई थी। वर्ष 2024 में मेरे पति की मृत्युर हो गई। उनकी मृत्युश के उपरांत बीमा की क्लेलम राशि के लिए मैं बीमित एजेंसी से लगातार संपर्क कर रहीं हूँ लेकिन मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मेरी आर्थिक स्थिति अत्यैंत कमजोर है साथ ही बच्चोंा की जवाबदारी भी मुझ पर है। इसलिए मुझे क्ले म राशि दिलाई जाय। इस पर अग्रणी जिला प्रबंधक मेझरस किंडो को निश्चित समयावधि में राशि दिलाये जाने के निर्देश दिये गए।

## बकाया राशि जमा न करने वालों के नाम सार्वजनिक करने निर्देश

# निगमायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य अनुरूप वसूली करने दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे नें मंगलवार को नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा किये जा रहे वसूली कार्य की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बकाया करों की शत-प्रतिशत वसूली कराएं जानें तथा कर संग्रहण के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते जाने की हिदायत दी। निगमायुक्त नें कहा कि बकाया करों की राशि जमा न करने वालों की सूची तैयार करें ताकि उनके नाम समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं स्मार्ट सिटी के डिस्प्ले बोर्ड पर सार्वजनिक करने की कार्रवाई की जा सके। समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक सहित राजस्व निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक, वार्ड वसूली कर्ता कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

निगमायुक्त दुबे द्वारा वार्डवार वसूली कार्य की समीक्षा की जाकर निम्न वसूली वाले कर्मचारियों वसूली हेतु प्लानिंग तैयार कर रोजाना वार्ड में भ्रमण करते हुए नागरिकों से संपर्क कर वसूली कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री दुबे नें बकाया जलकर एवं संपत्ति कर की वसूली हेतु भविष्य में की जाने वाली प्लानिंग की जानकारी भी प्रदान की गई।

### नवीन निर्माण पर करें करारोपण की कार्यवाही

निगमायुक्त श्री दुबे नें राजस्व अमले को भवन स्वामियों द्वारा जमा की गई स्वकर विवरणी की जांच करने के साथ ही वार्डो के ऐसे भवन जिनमें नवीन अतिरिक्त निर्माण कार्य किया जा चुका हो और उनकी जानकारी सेल्फ असिस्मेंट में नहीं दर्शाई गई हो की जांच करते हुए नवीन अतिरिक्त निर्मित क्षेत्र की डिमांड जारी करते हुए नवीन परिसर का अतिरिक्त संपत्ति कर भवन स्वामी से वसूल करने हेतु निर्देशित किया।

निगमायुक्त श्री दुबे ने राजस्व अमले को वार्ड में चल रहे नवीन निर्माण कार्य की सूचना नगर निगम के लोक निर्माण शाखा एवं भवन अनुज्ञा शाखा को देने हेतु प्रथम सूचना अधिकारी के दायित्वों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश राजस्व विभाग के कर्मचारियों को दिए गए।उन्होंने कहा कि निगम के अंतर्गत आने वाले समस्त कॉलोनियों, निजी संस्थानों, और ठेकेदारों को भी अपना बकाया टैक्स जमा करना अनिवार्य होगा। यदि बकाया कर की राशि जमा नहीं की जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### लापरवाही पर होगी कार्यवाही

निगमायुक्त नें जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 12 प्रतिशत अधिक वूसली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसे प्राप्त करनें हेतु आप सभी अभी से वसूली कार्य को प्रथमिकता देते हुए कार्य प्रारंभ कर दें ताकि वर्ष समाप्ति के समय आपको वसूली कार्य में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने वाले अथवा कार्य में लापरवाही करने पर नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

## विधानसभावार बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर बूथ लेवल आफिसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार जिले के अंतर्गत आने वाली चारों विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को विधानसभावार प्रशिक्षण दिये जाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है।

विधानसभा स्तर पर 50-50 बीएलओं एवं बीएलओ सुपरवाईजर की पाली बनाकर यह प्रशिक्षण नियुक्त मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारियों को अपने क्षेत्रांतर्गत आनेवाली विधानसभा के प्रशिक्षण केन्द्रों का स्वायं निरीक्षण करने के निर्देश दिये गए हैं।

जारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार बड़वारा विधानसभा के जनपद पंचायत सभाकक्ष ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा में बुधवार 9 जुलाई को 105 एवं गुरूवार 10 जुलाई को 97 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इसी प्रकार विजयराघवगढ़ विधानसभा के शासकीय विद्यालय बरही एवं तहसील कार्यालय विजयराघवगढ़ में बुधवार 9 जुलाई को 100 एवं गुरूवार 10 जुलाई को 80 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं मुडवारा विधानसभा के शासकीय उत्कृष्टि महाविद्यालय कटनी में सोमवार 14 जुलाई को 100, मंगलवार 15 जुलाई को 100 एवं बुधवार 16 जुलाई को 91 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा विधानसभा बहोरीबंद के जनपद पंचायत रीठी एवं बहोरीबंद में बुधवार 9 जुलाई को 100 एवं गुरूवार 10 जुलाई को 95 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बिजली गिरने से मौत

**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर क्षेत्र में आकाशीय बिजली एक बार फिर मौत बनकर गिरी। ग्राम बड़ा मुटवा निवासी डीलन सिंह यादव पिता हाकिम सिंह यादव (उम्र 38 वर्ष) की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का शरीर बुरी तरह झुलस गया है। बताया गया है कि डीलन सिंह यादव कल सुबह से ही अपने घर से लापता थे। परिजनों द्वारा उनकी तलाश लगातार की जा रही थी। आज दोपहर उनका शव जंगल में मिला। मौके पर पहुँची पुलिस द्वारा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया, जहाँ डॉक्टरों ने पुष्टि की कि मृत्यु का कारण आकाशीय बिजली है।

**बरसात के पहले दिन भी हुई थी एक मौत-** उल्लेखनीय है कि देवेंद्रनगर में बारिश की शुरुआत के पहले ही दिन भी आकाशीय बिजली गिरने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। वह व्यक्ति बारिश से बचने के लिए एक आम के पेड़ के नीचे खड़ा हुआ था, तभी बिजली गिरने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने दुखी परिवारों को दी सान्त्वना

**अमानगंज।** क्षेत्र में हाल ही में घटित दुखद घटनाओं से पीड़ित परिवारों से मिलने क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश वर्मा आज उनके निवास पर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें साहस बंधाया तथा दुख की इस घड़ी में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।डॉ. वर्मा ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे और उनकी पूरी टीम पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।

### बांदकपुर बनवार चौपरा क्षेत्र में 33- 11 केवी लाइनों में फाल्ट

# बारिश बिजली ने ढाया कहर, विद्युत लाईन में फाल्ट से ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बनवार बांदकपुर चौपरा क्षेत्र में बारिश के पूर्व मेंटनेंस के नाम पर भीषण गर्मी के बीच कई घंटों तक बिजली बंद रखकर बिजली कंपनी द्वारा कराए गए कार्यों की पोल दो दिनों में खुलकर सामने आ गई है। रविवार और सोमवार की शाम बिजली की तड़कने तेज हवाओ के बीच हुई मध्यम बारिश ने जमकर कहर बरपाया। बिजली विभाग के उपकरण इतने कमजोर रहे कि आकाशीय बिजली और बारिश ने जहां रोंड ग्राम में जहां विजली के पोल धराशायी हो गए तो बनवार बांदकपुर चौपरा विद्युत स्टेशन की विजली लाइन मे दर्जनों इन्शुलेटर पंचर हो गए। 33केवी लाइन में एमबी बस्ट होने से बनवार विद्युत सब स्टेशन 41 गांव चौपरा विद्युत सब स्टेशन की 18 बांदकपुर क्षेत्र के 9 फीडरों को मिलाकर सैकड़ो गांव में ब्लैक आउट से पूरा क्षेत्र तड़प उठा यहाँ दो रातों मे बिजली गोल रही। 11केवी लाइन में भी जमकर समस्या हुई। कुछ जगह पर तार टूटकर जमीन में गिर गईं। करीब 72घंटे में मुश्किल से 8 से 10 घंटे बिजली सप्लाई रही और लगातार दो रातें कस्बाई क्षेत्र से लेकर गांव तक कई इलाकों में ब्लैकआउट का नजारा रहा। दो दिनों तक बिजली व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा रही। सैकड़ो गांव के हजारों रहवासी रातों रात बिजली गोल रहने के कारण गर्मी के बीच तड़पते रहे। अफसरों की मनमानी का आलम यह रहा कि सब स्टेशनों के नंबरों से भी उपभोक्ताओं को सही जानकारी नहीं दी गई। बड़े अधिकारियों ने आमजन के फोन तक नहीं उठाए। रविवार सोमवार की रातों को ग्रामीण क्षेत्र में रहवासी गर्मी से हलाकान तो हुए ही, साथ मोबाइल फोन चार्ज करने तक को तड़पते रहे दो रातों में बिजली गोल होने से इनवर्टर डिस्चार्ज हो गए दमोह से सतधरु लाइन फाल्ट होने से सैकड़ो गांव में पानी सप्लाई न होने के कारण बूंदबूंद पानी के लिए ग्रामीण तरसते रहे रविवार की रात्रि भर बिजली गोल रही और सोमवार की दोपहर में जैसे तैसे करके बिजली आपूर्ति बहाल हुई तो शान 4:00के करीब तेज बारिश बिजली की तड़कने से बिजली गोल हुई जो सोमवार की पूरी गोल रही और मंगलवार की दोपहर 2:20 पर बिजली आपूर्ति बहाल हुई लेकिन हर 10 मिनट में ट्रिप करती रही।



दमोह। जनरेटर से मोबाइल चार्जिंग करने लगी लाइन

शिवदयाल अहिरवार जेई बांदकपुर विद्युत स्टेशन का कहना है दमोह से बांदकपुर आने वाली 33 केवी लाइन में फाल्ट की बजह से यह स्थिति निर्मित बांदकपुर ग्राम मैं सोमवार की रात्रि 11:00 बजे के करीब बिजली आपूर्ति बाहर हो गई थी बांदकपुर फीडर के 9 फीडर में से 7 फीडर की बिजलीआपूर्ति बहाल हो गई है दो फीडरों में अभी काम चल रहा है कुछ समय में बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

विश्वास मिश्रा बनवार विद्युत वितरण केंद्र जेई का कहना है बारिश और बिजली की तेज तड़कन के चलते 33 केवी लाइन में फाल्ट और इंसुलेटर बस्ट होने की वजह से रविवार और सोमवार की रात बिजली गोल रही मंगलवार को दोपहर 2:20 पर बिजली आपूर्ति बहाल हो गई थी।

# जलभराव स्थलों एवं वॉटर सप्लाई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



विगत दिनों से लगातार हुई बारिश के बाद कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री रितु पुरोहित ने शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। प्रमुख तौर पर नावघाट, इंटेकवेल फिल्टर एवं वॉटर सप्लाई का निरीक्षण किया गया। इसमें किसी भी जगह पर जल भराव की स्थिति नहीं देखी गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री रितु पुरोहित ने कहा बारिश के पूर्व ही नगरपालिका द्वारा जल भराव की जगहों पर विशेष साफ-सफाई की गई थी, अतिक्रमण हटाया गया था साथ ही नालों के बंदों को खोलने का कार्य भी किया गया था जिससे कि अभी स्थिति सामान्य हैं। उन्होंने कहा अगर कही जलभराव की खबर आती है तो नगर पालिका द्वारा आपदा दल गठित किया गया है जो कि त्वरित उस स्थान पर पहुंचकर कार्यवाही करेगा।

## एक पेड़ मां के नाम कदम के पौधे का हुआ रोपण



**दमोह।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ₹एक पेड़ माँ के नाम कदम के पौधे का रोपण किया गया। पौधारोपण भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, भरत यादव, डॉ. आलोक सोनवलकर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रीता चटर्जी सहित जनप्रतिनिधियों एवं शाला के शिक्षकगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

## गुरु मंत्र आवश्यक है इसलिए गुरु का चुनाव ध्यान पूर्वक करें - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय अथाई रोड आम चोपरा स्थित श्री देव रासविहारी राधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छटवें दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि गुरु मंत्र आवश्यक है गुरु मंत्र के बिना कोई भी पूजन अनुष्ठान पूर्ण नहीं माना जाता इसलिए हमें आवश्यक रूप से गुरु मंत्र लेना चाहिए एवं गुरु बनाते समय गुरु का चुनाव ध्यान पूर्वक करना चाहिए एक बार नारद जी भगवान विष्णु के पास गए और उन्हें दंडवत प्रणाम कर एक आसन पर बैठ गये जब नारद जी चलने को उठे तो भगवान ने उस स्थान को गंगाजल से पवित्र किया तब माता लक्ष्मी जी ने पूछा ऐसा क्यों इधर नारद जी भी असमंजस में हो गए तब भगवान ने कहा क्योंकि नारद जी का कोई गुरु नही है बिना गुरु मोक्ष एवं ज्ञान नही है अतः वह स्थल अपवित्र हो गया था अब नारद जी से माता ने कहा आप किसी योग्य को गुरु बना लें नारद जी स्वयं अपने आप को बहुत बड़ा ज्ञानी समझते थे सो ब्रह्मांड में उन्हे कोई गुरु ही नही मिला अब भगवान ने उनकी मदद के लिए एक ब्राह्मण को उन्हे गुरु बनाने को कहा नारद जी ने अनिच्छा से गुरु तो बना लिया पर गुरु माना नही उल्टे उन्हे हेय दृष्टि से देखा इससे भगवान कुपित हो गये और नारद जी को श्राप दे दिया नारद जी ने भगवान विष्णु के चरणों में दण्डवत प्रणाम कर उनसे क्षमा याचना की भगवान ने श्रापमोचन के उपाय में कहा नारद ब्रह्मांड के 84 हजार योनियों के पास होकर आवे तभी श्राप से मुक्ति मिलेगी यह भी अति कठिन था तो माता लक्ष्मी की सलाह पर नारद जी अपने गुरु उन ब्राह्मण से सलाह लेने गये तो गुरु ने कहा यह तो बहुत आसान है भगवान से कहिए 84 हजार प्राणियों के चित्र बना दे ताकि आप पहचान तो सके नारद जी ने ऐसा ही किया तो भगवान ने चित्र बना कर दे दिया चित्र लेकर नारद जी पुनः गुरु के पास आए अब गुरु ने आदेशित किया इस चित्र पर लेटकर करवट ले कि सभी चित्र का स्पर्श हो जाय नारद जी ने ऐसा ही किया जिससे श्राप से मुक्त हो गए इसलिए अपने जीवन में गुरु आवश्यक है गुरु का चुनाव ध्यान पूर्वक करे और जीवन पर्यंत उनका सम्मान करें।

## नरसिंहगढ़ आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत



**नरसिंहगढ़।** ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि पंडित राजेंद्र बिदौलिया के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन और नगर मंडल अध्यक्ष का स्वागत श्रीफल शाल उड़ाकर सभी का स्वागत किया गया। नरसिंहगढ़ जनपद सदस्य ललती मोदी नवाब सिंह ठाकुर मुकुंद यादव पंडित रमेश मिश्रा सभी ने स्वागत किया। जिला अध्यक्ष आदरणीय श्री श्याम शिवहरे जी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया जी रमाकांत वाजपेई जी,दान सिंह लोधी जी उपाध्यक्ष देवल कटारया, विकास जैन, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष भरत यादव पूर्व पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, तीरथ पटेल नर्मदा कुर्मी पटेल हरिशंकर पटेल आदि उपस्थित रहे। स्वागत के बाद जिला अध्यक्ष ने कहा संगठन को मजबूत करना है सभी को मिलजुल कर पार्टी को आगे बढ़ाना है। क्षेत्रवासी और सभी कार्यकर्ताओं को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी।

### एमएलबी विद्यालय की छात्राओं सहित उपस्थितजनों ने खाई आयरन टेबलेट

# महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी की वजह से उनकी शरीरिक क्षमताएं घटती हैं- श्याम शिवहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

एनीमिया मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से नगर के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक शिविर लगाया गया जिसमें विद्यालय की करीब 900 से अधिक छात्राओं सहित शिक्षको को आयरन की टेबलेट का सेवन कराया गया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, भरत यादव, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रीता चटर्जी, विद्यालय के प्राचार्य डॉ.आलोक सोनवलकर सहित जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा स्वास्थ्य अमले ने भाग लिया।



भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा एमएलबी स्कूल में हमारी छात्राऐ हैं उनको आयरन की गोली खिलाकर भारत सरकार और राज्य सरकार के द्वारा छात्राओं के स्वास्थ्य को देखते हुए उनके स्वास्थ्य की रक्षा को देखते हुए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जाते हैं, उसमें आयरन गोली वितरण का भी एक कार्यक्रम है ताकि उनके अंदर आयरन की कमी की पूर्ति हो और उनका रक्त का प्रवाह अच्छा हो। हीमोग्लोबिन की कमी ना बने। सामान्य तौर पर यह देखा जाता है कि महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी की वजह से उनकी शारीरिक क्षमताएं घटती हैं और विभिन्न प्रकार की बीमारियां उनके अंदर प्रवेश कर जाती हैं, इनकी रोकथाम का एक संपूर्ण उपाय यही है कि उनके शरीर में आइरन की कमी पूर्ति हो।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा एनीमिया मुक्त भारत यह भारत सरकार का महत्वाकांक्षी अभियान है, जिसमें बालक बालिकाओं में आयरन की कमी को दूर करने के लिए आयरन की टेबलेट्स दी जाती है। छात्राओं में हीमोग्लोबिन अच्छा होगा और आगे चलकर के इम्युनिटी खराब नहीं होगी, खासतौर से छात्राओं के लिए बहुत फायदेमंद है क्योंकि आगे चल कर के जब शादी होती है और माँ बनती है उसके बाद कई बार जिले में ऐसा होता है कि गर्भवती महिलाओं की मृत्यु होती है उसमें से 60% मृत्यु का कारण एनीमिया होता है। इसीलिए यह अभियान उस दृष्टि से काफी दूरगामी अभियान है और आज सबने इसमें पार्टिसिपेट किया है। कार्यक्रम का संचालन मोहन राय, श्रुति राजपूत ने और आभार विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर एवं स्वर्णलता सोनी ने व्यक्त किया।

## कुसमी मानगढ़ में नवोदय कोचिंग का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

निशुल्क नवोदय कोचिंग के द्वितीय चरण में जबेरा विधानसभा के मंडल सिंग्रामपुर में आगामी 07 जुलाई सत्र 2025-26 के तहत संचालित होने वाली नवीन कक्षा का शुभारंभ कुसमी मानगढ़ पर स्थानीय शिक्षकों एवं ग्रामवासियों के साथ किया गया था। जो जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं आपके छोटे भाई सतेन्द्र सिंह लोधी द्वारा इस उद्देश्य से शुरू किया गया है कि नवोदय कोचिंग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करायी जाएं जिससे वे प्रदेश के प्रतिष्ठित स्कूलों में प्रवेश प्राप्त कर सकें और अपनी शैक्षिक और व्यक्तिगत क्षमताओं का विकास कर सकें। शुभारंभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जेष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ के साथ सम्मानित शिक्षक गणों की उपस्थिति रहीं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मंनदीप यादव ने कहा कि मुझे पूर्ण आशा और विश्वास है कि यह कोचिंग सेंटर हमारे संपूर्ण क्षेत्र में दीपक की तरह प्रकाशमान होकर नए नए नींव का पत्थर गढ़ने का कार्य करेंगी और हम पुनः माननीय मंत्री जी आदरणीय सतेंद्र सिंह सहित सभी सहयोगियों का ह्रदय से कोटि कोटि आभार धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर सचेन्द्र रजक, पुरषोत्तम पाठक सहित शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति रही।

## उपस्वास्थ्य केंद्र में लगाया जन समस्या निवारण शिविर



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम के मार्गदर्शन में हटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत नारायणपुरा में आज जन समस्या निवारण शिविर संपन्न हुआ। उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित शिविर में पंचायत विभाग, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास ,राजस्व, कृषि और विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए। शिविर में हितग्राहियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किये जिनका निराकरण किया गया। शिविर में आधार कार्ड अपडेट, ई केवाईसी ,समग्र आई डी,जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पात्रता पर्ची कूपन, पेंशन, जाति प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत किये गये तथा मौके पर मौजूद लोगों की समस्याओं का निराकरण, महिलाओ का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार और परामर्श दिया गया। इस दौरान शिविर में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के 15 प्रकरण, पीएम किसान सम्मान निधि 15, आयुष्मान 05, समग्र ई-केवायसी 16, मातृ वंदना योजना के 06, पात्रता पर्ची 12, विवाह पंजीयन 01 सहित अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदनों के निराकरण किये गए। गौरतलब है कि विगत रविवार को नारायणपुरा उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की सेक्टर बैठक के दौरान कलेक्टर सुधीर कोचर को ग्राम पंचायत नारायणपुरा के सरपंच जसवेंद्र यादव और कर्मचारियों ने अवगत कराया था कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में ग्रामीणों के कई दस्तावेज अपूर्ण है जिससे शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में दिक्कतें हो रही हैं।

इस संबंध में कलेक्टर ने प्रशासनिक अधिकारियों को मंगलवार को शिविर लगाने के निर्देश दिए थे। शिविर में पंचायत समन्वयक राजेश पाराशर, अंकिता पाराशर, सरपंच जसवेंद्र यादव, सचिव संतोष पटेल , मनोज उपाध्याय सहित कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## केंद्रीय विद्यालय में किया पौधारोपण



**दमोह।** एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दमोह में पौधारोपण कार्यक्रम में सांसद राहुल सिंह, विधायक जयंत मलैया, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, श्रीमती संगीता श्रीधर, विद्यालय के प्राचार्य सहित सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही।

**दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों सहित प्रसिद्ध कलाकार लेंगे भाग**

# 131 वां मृदंगाचार्य पंडित नाना साहब पानसे स्मृति गुरूपूर्णिमा महोत्सव का होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के ग्राम बकायन में 131 वॉ मृदंगाचार्य पण्डित नाना साहब पानसे स्मृति गुरूपूर्णिमा संगीत समारोह का शुभारम्भ 10 जुलाई को सायं 7 बजे से प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मुख्य अतिथि एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल की अध्यक्षता तथा अध्यक्ष सीसीआरटी डॉ. विनोद इन्दुकर के विशिष्ट आतिथ्य में शुभारंभ होगा। गुरू पूर्णिमा आयोजन समिति अध्यक्ष विवेक शेण्ड्ये, संयोजक अर्जुन पटैल, डॉ. आलोक सोनवलकर, संरक्षक अरूण पलनीटकर, उस्ताद अलाउद्दीन खॉ संगीत एवं कला अकादमी भोपाल निदेशक डॉ. पूजा शुक्ला, उत्थान साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बकायन अध्यक्ष संजय पलनीटकर, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, संस्कृति संचालनालय संचालक एन.पी. नामदेव के नेतृत्व में दो दिवसीय संगीत समारोह संपन्न होगा। गुरू पूर्णिमा संगीत समारोह 10 जुलाई 2025 प्रातः कालीन सभा में ग्राम बकायन संगीत अखाड़ा शिष्यगण द्वारा प्राचीन परम्परागत बंदिश गायन, यक्षगोपाल एवं उत्सव गोपाल सागर द्वारा युगल गायन, प्रियंवदा सिंह एवं साथी द्वारा युगल कथक, श्री ऋषिशंकर एवं सुश्री महिमा उपाध्याय दिल्ली द्वारा पखावज जुगलबंदी कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। 10 जुलाई की सायं कालीन सभा में ग्राम बकायन संगीत अखाड़ा शिष्यगण द्वारा प्राचीन परम्परागत बंदिश गायन, सुश्री सरिता कालेले मुम्बई द्वारा कथक युगल, सुश्री चिन्मयी आठले ओक दिल्ली द्वारा गायन, सुश्री मेघरंजनी गोवाहाटी द्वारा कथक एकल तथा श्री ओंकार दादरकर कोलकाता द्वारा गायन की प्रस्तुति दी जायेगी।

इसी प्रकार 11 जुलाई को सायंकालीन सभा अंतर्गत पण्डित रामचरण तिवारी एवं साथियों द्वारा संगीतमय रामायन गायन, सुश्री शिवांगी अग्निहोत्री जबलपुर द्वारा कथक एकल, जयतीर्थ मेवुंडी धारवाड़ / हुवली द्वारा गायन, सुश्री मोहंती भुवनेश्वर द्वारा ओडिसी युगल एवं श्री संतोष संत इंदौर द्वारा बाँसुरी वादन प्रस्तुत किया जायेगा। श्री रामेन्द्र सिंह सोलंकी, दीपक दास महंत तबला, पण्डित देवेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र शर्मा, दीपक खसरवाल हारमोनियम, फारुख लतीफ खाँ सारंगी संगतकार होंगे । कार्यक्रम का संचालन राजीव अयाची एवं साक्षी वैशंपायन जबलपुर होंगी।

## बुंदेली फ़िल्मि एसोसिएशन की टीम पहुँची दमोह

**दमोह।** मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में निवासरत बुन्देली कलाकारों के लिए ख़ुश खबरी बुंदेलखंड का अपना फ़िल्मि फेडरेशन बना जो बुंदेली कला और फ़िल्मि निर्माण को बढ़ावा देगा साथ ही बुन्देली फिल्मों को थियेटर के माध्यम से दर्शकों तक पहुँचाने का कार्य करेगा । बुंदेलखंड फिल्म फेडरेशन की टीम छतरपुर से दमोह पहुँची दमोह जिले के फ़िल्मिकारों से मुलाक़ात कर क्षेत्रीय बोली बुंदेलखंडी फ़िल्मि निर्माण को लेकर चर्चा की । बुंदेलखंड फ़िल्मि फेडरेशन के संरक्षक फिल्मकार डॉ अखलेश और निगम रंगकर्मी सौरभ शर्मा ने दमोह के फिल्मकारों के साथ बैठक कर बनने वाली बुन्देली फिल्मों पर चर्चा की साथ ही बुन्देली बोली कि क्षेत्रिय फ़िल्मि निर्माण संबंधित चर्चा के दौरान कहा हम बुन्देली सारे कलाकार फिल्मकार अब एक मंच पर आकर क्षेत्रीय फिल्मों को बढ़ावा देंगे । टीम की अभी औपचारिक बैठक थी पर बहुत जल्द दमोह जिले के सभी कलाकारों रंगकर्मियों और फिल्मकारों के साथ बड़ी बैठक होगी, इस दौरान दमोह में फ़िल्मि निर्माण करने वाले प्रोफेसर डॉ रश्मि जेता, रंगकर्मी मनीष सोनी ,वीडियो एडिटर मधुर गार्डियर नरेन्द्र अठ्या औपचारिक बैठक में शामिल हुए । फ़िल्मि फेडरेशन के मुखिया फिल्मकार डॉ अखिलेश निगम और सौरभ शर्मा ने बैठक में बताया कि बुंदेलखंड में प्रतिभाओं का भंडार भरा पड़ा है उसको तराशने और तलाशने के साथ बड़ा मंच देने की जरूरत है। उसके लिए टीम के संरक्षक फिल्मकार डॉ अखिलेश निगम का यह प्रयास है कि बुंदेलखंड की जो भी विधाओं के कलाकार हैं उन सबको एक मंच पर लाकर अपने सारे बुंदेलखंडी कलाकारों को एक करना ही फेडरेशन का संकल्प है जो बहुत जल्द अमल में आने वाला है। टीम के सौरभ शर्मा ने कहा दमोह की धरती कलाकरों से भरी पढ़ी है यहाँ कला के बेहतर से बेहतर नगीने हैं जो अभी तक हम लोगों की जानकारी में नहीं थे लेकिन यहाँ आकर अभी कुछ ही लोगों से संवाद हुआ बहुत जल्द हमारी टीम सभी कलाकारों से मिलेगी उनके भी विचारों से अवगत होंगे और हम सब बुंदेलखंड फ़िल्मि फेडरेशन के जरिये सभी कलाकार एक मंच पर आयेगें ।



## खबर संक्षेप

### सीएसपी एचआर पांडे जी ने संभाला कार्यभार

**दमोह।** दमोह के नवागत नगर पुलिस अधीक्षक हरिराम पांडे ने कार्यभार संभाला। दमोह में चार्ज लेने के पहले श्री पांडे श्री जागेश्वर नाथ धाम जी बांदकपुर पहुंचे जहां उन्होने भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया। इसके उपरांत दमोह आकर कार्यभार संभाला। नवागत सीएसपी श्री पांडे जबलपुर से स्थानांतरण होकर दमोह आए हैं। दमोह में कोतवाली टीआई और हटा टीआई भी रह चुके हैं। श्री पाडे को दमोह में पूर्व लंबा कार्यकाल होने से उन्हे दमोह जिले की अच्छी जानकारी है जिससे जिले को लोगो को उनके बहुत सी अपेक्षायें है।



### करंट लगने से भैंसा की मौत

**तेजगढ़।** बरसात आने पर बिजली खम्मो से करंट लगने की घटनाएं सुनने को मिलती है। पशुओं को करंट लगने से मौत होने घटनायें आये दिन सामने आती रहती है। गत दिवस सोमवार को लगभग 2:30 बजे ग्राम हरई सिंगौरगढ के निवासी प्रताप यादव पिता परषोत्तम यादव की भैंस जंगल से लौटते समय वेयर हाऊस के पास रोड के किनारे चर रही थी। जहाँ से 11 केवी विद्युत लाइन के खम्मा गड़े थे खम्बे मे लगा स्टे तार में करंट था। तार के संपर्क में आने से भैंस को करंट लगा जिससे उसकी मौत हो गई। मृत्यु की जानकारी लगते ही भैस मालिक प्रताप यादव पुलिस थाना तेजगढ आया और भैंस की रिपोर्ट दर्ज कराई। भैंस मालिक के कहे अनुसार भैंस की कीमत लगभग 80,000रूपये की बताई गई है।



### दुकानदार को काफी नुकसान, बारिश में शहर हुआ तर बतर, नपा की खुली पोल

# बारिश में नपा की दुकान का छप्पर गिरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बारिश में शहर में नपा की एक दुकान का छप्पर गिरने से दुकानदार को काफी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार अस्पताल चौराहे से घंटाघर जाने वाले मार्ग पर अस्पताल के बाजू से शोना मोबाईल नाम की मोबाईल दुकान की छत का प्लास्टर गिर गया जिससे दुकान में बने फनीर्चर सहित कीमति मोबाईल व सामान को काफी नुकसान हुआ है। दुकानदार ने नगरपालिका से उसके नुकसान की भरपाई की गुहार लगाई है एवं आसपास के दुकानदारों ने भी मरम्मत की मांग की है। शहर कई शासकीय कार्यालय जजर्र इमरतों में संचालित हो रहे है जो कि खतरे से खाली नहीं है। बारिश में जर्जर इमारतों के धराशाई होने की काफी घटनायें सामने आती है लेकिन समय के पहले प्रशासन ध्यान नहीं देता।

बीती रात दमोह शहर तथा आसपास के क्षेत्र में हुई जबरदस्त बारिश से जगह-जगह जल भराव के हालात ने नगर पालिका प्रशासन की सफाई व्यवस्था तथा उसे पर हुए लाखों के खर्च की पोल खोल कर रख दी है। इधर अनेक क्षेत्रों में कई घंटे तक बिजली गोल होने से बिजली विभाग के वर्ष पूर्व संधारण तथा उसे पर हुए व्यय की भी पोल खुल गई है।

उपरोक्त हालत से निचली पिछड़ी बस्तियों से लेकर पाश कालोनी क्षेत्रो में दलदली कीचड़ भरे हालात स्थानीय निवासी परेशान रहे लेकिन उनकी सुध लेने को कोई नहीं पहुंचा। बाजार क्षेत्र से लेकर उप नगरीउ क्षेत्र में भी इसी तरह के हालात रहे। जिससे लोग जमकर परेशान होते रहे। इधर विभिन्न नदी नाला क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात के बाद कलेक्टर जरूर मौके पर जायजा लेने को पहुंचे।

### पुलिस बल तैनात करने तथा बाढ़ की रोकथाम के लिए बाउंड्री वॉल प्रस्ताव भेजने निर्देश

## जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं-कलेक्टर

### कलेक्टर ने जूड़ी नदी जल स्तर का लिया जायजा

गत रात्रि हुई बारिश से बटियागढ़ क्षेत्र की जूड़ी नदी सहित आसपास के नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज नदी जल स्तर का जायजा लिया। उन्होंने सबंधित अधिकारी से नदी के दोनों ओर पुलिस बल तैनात के निर्देश दिए ताकि कोई भी व्यक्ति जान जोखिम में डालकर पुल पार न कर सके। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा अफवाहों से बचें और जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है।साथ ही जूड़ी नदी के बाढ़ग्रस्त इलाके का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बाढ़ का पानी बस स्टैंड की ओर न बढ़े, इसके लिए विशेषज्ञों की टीम भेजकर आवश्यकतानुसार बाउंड्री वॉल निर्माण कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री कोचर ने बाढ़ से निपटने के लिए प्रस्ताव बनाकर शीघ्र भेजने को कहा ताकि प्राथमिकता से कार्य कराया जा सकें। साथ ही तहसीलदार श्री चौधरी को निर्देशित करते हुए कहा जिन स्थानों पर नालों पर अवैध कब्जा कर बहाव को रोका गया है, उनकी जांच कर त्वरित कार्रवाई की जाए, जिससे जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। ज्ञात हो कि जूड़ी नदी के पुल पर से पानी बह रहा है, जिससे पुल से होकर किसी भी प्रकार की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गया है, इस दौरान तहसीलदार योगेंद्र चौधरी सहित अन्य अधिकारी-कमर्चारीगण, ग्रामीणजन मौजूद रहे।



### कलेक्टर पहुँचे बकायन

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर अपने भ्रमण के दौरान ग्राम बकायन पहुंचे। उन्होंने यहां पर 131 वाँ मृदंगाचार्य पंडित नाना साहेब पानसे स्मृति गुरु पूर्णिमा संगीत समारोह के स्थल का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी और ग्रामीण जन मौजूद रहे। ज्ञातव्य हैं कि गुरु पूर्णिमा का दो दिवसीय आयोजन यहां पर 10 जुलाई 2025 को शाम 7:00 से शुरू होगा।

### व्यारमा नदी में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर पटेरा क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचे इस दौरान उन्होंने व्यारमा नदी में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया, बाढ़ से डूबे बर्ट्ट घाट पुल का निरीक्षण कर तहसीलदार शिवराम चढ़ार और अमले को सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पटेरा के उत्कृष्ट विद्यालय में चल रहे बीएलओ प्रशिक्षण शिविर का भी जायजा लिया। तहसीलदार शिवराम चढ़ार से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



### ग्राम पंचायत चौरईया अंतर्गत पाटन गांव का मामला

## नाले ने रोका एंबुलेंस का रास्ता तो ट्रैक्टर ट्रॉली में हुआ प्रसव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ियादौ

विधानसभा क्षेत्र हटा के अंतर्गत बारिश के मौसम में सड़क विहीन ग्रामों के रहवासियों को विभिन्न समस्याओं से जूझना पड़ रहा है । विकास के दावों की हकीकत तब देखने मिलती है जब मरीज कभी चारपाई के सहारे या ट्रैक्टर ट्रॉली पर बैठ कर मुख्यमार्गों तक पहुंचते हैं। मुख्य मार्ग पर पहुंचने के बाद ही पीड़ितों को एंबुलेंस वाहन उपलब्ध हो पता हैं। ताजा मामला ग्राम पंचायत चौरईया अंतर्गत पाटन गांव में एक महिला कमलेश रानी के साथ देखने मिला यह महिला प्रसव पीड़ा के चलते अस्पताल पहुंचना चाहती थी ताकि सुरक्षित प्रसव कराया जा सके जिसके लिए परिजनों द्वारा 108 एंबुलेंस को फोन लगाया,लेकिन गांव ओर मुख्य मार्ग के बीच पढ़ने वाला नाला में जल भराव के चलते एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी मजबूरन बस पीड़िता को ट्रैक्टर ट्रॉली से मुख्य मार्ग तक ले जाने का प्रयास किया गया जिसमें हुई देर के चलते महिला का प्रसव ट्रैक्टर - ट्रॉली में ही गया। गनीमत रही प्रसव सामान्य हुआ जिससे जच्चा बच्चा दोनों की जान बच गई , ऐसे समय में यदि जटिल प्रसव होता तो बड़ी मुसीबत हो जाती। प्रसव के बाद महिला को ट्रैक्टर ट्रॉली से एंबुलेंस तक पहुंचाया गया तब उसे अस्पताल मिल सका।

बीते वर्ष हाई रिस्क महिला का किया था रेस्क्यू: बीते साल इसी नाला के उफान पर होने से एक हाई रिस्क चिन्हित गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने के बाद अस्पताल तक पहुंचने करीब 2 घंटे मस्कत के बाद मौके पर एसडीएम,तहसीलदार स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके स्थल पर पहुंचकर बड़ी मुश्किल से रेस्क्यू टीम के साथ स्थानीय लोगों ने महिला को नाला पार करा कर अस्पताल पहुंचाया था।

यहां बारिश के मौसम में ग्रामीणों का मुख्य मार्ग से संपर्क कट जाता हैं। ग्रामीण हॉट बाजार, शिक्षक स्कूल नहीं पहुंच पाते यहां के रहवासियों द्वारा निरंतर गांव के पहुंच मार्ग को पक्का करने व मार्ग के बीच नाले पर पुल निर्माण की मांग करते आ रहे हैं पर हालात यथावत बने हुए हैं।

### यहां भी हालात बदतर

नारायणपुरा ग्राम पंचायत अंतर्गत बानोली, बर्धा अंतर्गत झौंढा,इमलिया गांव के रहवासी बारिश के मौसम में आने जाने मशक्कत कर रहे हैं यहां पैदल के अलावा मुख्य मार्ग तक पहुंचने कोई विकल्प नहीं हैं।



## थाना परिसर में बने शासकीय आवास के छत का प्लास्टर टूटकर गिरने से प्रधान आरक्षक घायल



**हटा।** विगत सोमवार की रात्रि पुलिस थाना परिसर में बने शासकीय आवास के छत का प्लास्टर टूट कर नीचे गिरने से एक पुलिसकर्मी के घायल होने का घटनाक्रम सामने आया है बताया जा रहा बारिश के चलते छत का प्लास्टर टूटकर नीचे सो रहे प्रधान आरक्षक संतोष खरे के ऊपर गिरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय और पुलिस बल की मदद से घायल संतोष खरे को इलाज के लिए सिविल अस्पताल हटा लें जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया गया। घायल पुलिस कर्मी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई गई है। गौरतलब है कि हटा थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के शासकीय आवास जर्जर और क्षतिग्रस्त स्थिति में है जिस पर प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा। पुलिसकर्मी वर्षों पुराने कंडम हो चुके मकानों की छत में पालीथीन लगाकर जान जोखिम में डालकर परिवार के साथ रह रहे हैं। बारिश होने पर उनकी परेशानी बढ़ जाती है। पुलिस लाइन के अंदर बने पुराने आवास कंडम हो चुके है उसके बाद भी करीब 20 से 25 पुलिसकर्मी जान जोखिम में डालकर परिवार के साथ रहने को मजबूर हैं। बारिश के मौसम में उनकी परेशानी बढ़ जाती है। साफ सफाई नहीं होने से नाली का पानी घर के अंदर चला जाता है और जहरीले जीव जन्तु का डर सताते रहता है।

### कोपरा सुनार नदी उफान पर होने से पथरिया से दमोह सड़क मार्ग दिन भर बंद रहा

**पथरिया।** एमपीआरडीसी द्वारा वर्ष 2012 में पथरिया से दमोह सड़क मार्ग बनाया गया जिसमें सुनार व कोपरा नदी खोजाखेड़ी दोनों जगह पुल निर्माण होना था लेकिन सड़क मार्ग तो 8-10 वर्ष पहले बनकर तैयार हो गया लेकिन दोनों पुल अधूरे रह गये जिससे कि सुनार नदी का पुल बनकर तैयार हो गया पर कोपरा नदी का अभी भी अधूरा है हर बार बारिश में पथरिया से जिला मुख्यालय का संपर्क टूट जाता है विकास की गति विधानसभा क्षेत्र में कितनी तीव्र है इसी से साबित होता है कि अधिक बारिश होते ही पहले के बनें छोटे पुल करीब 8-10 फुट पानी आ जाता है जिससे डूब जाते हैं और सड़क मार्ग बंद हो जाता है सोमवार की रात्रि में अधिक बारिश होने से सुनार कोपरा नदी उफान पर होने से दिन भर सड़क मार्ग बंद रहा। वही आमजनों को जिनको जरूरी था व अप-डाउन करने वालों को मजबूरन गढ़ाकोटा होकर जाना पड़ा।



### गैसाबाद उप निर्वाचनः प्रेक्षक ने लिया जायजा, कुल छः नामांकन हुए दाखिल




**हटा।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध हेतु) हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत हटा के क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के रिक्त पद हेतु नाम निर्देशन की प्रक्रिया का राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक श्री अशोक कुमार व्यास ने रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय हटा पहुंचकर जायजा लेकर दिशा निर्देश जारी किए। नाम निर्देशन की प्रक्रिया के संबंध में रिटर्निंग अधिकारी राकेश सिंह मरकाम ने बताया कि नामांकन अवधि के दौरान मंगलवार को अंतिम दिवस तक कुल छः अभ्यार्थियों ने अपने नामांकन दाखिल किए जिसमें निशा कुर्मी/देवेंद्र पटेल,दीनदयाल पटेल/रमेश प्रसाद पटेल,चंद्रावती/ शारदा प्रसाद,वीरेंद्र/ शारदा प्रसाद उपाध्याय और संतोष/ धनीराम पटेल और कृपाल अहिरवार/ डरैया शामिल है।

### हीरापुर हाईवे पर कार की टक्कर से ट्रैक्टर धराशाई

**दमोह।** दमोह हीरापुर हाईवे पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। इस दौरान किसी प्रकार की जनहानि तो नहीं हुई लेकिन कार की टक्कर से ट्रैक्टर के दो तीन टुकड़े हो गए वही कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। यह पूरा घटनाक्रम बटियागढ़ थाना अंतर्गत विपतपुरा गांव के समीप सामने आया जहां एक ट्रैक्टर को पीछे से आ रही कार ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि ट्रैक्टर की मजबूती की पोल खुल गई। ट्रैक्टर दो तीन हिस्सों में क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर पड़ा नजर आया। इधर कार **MP** 04**CJ** 7824 के चालक साइड का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया जिसके बाद चालक कार को छोड़कर मौके से भाग गया। घटना रविवार रात करीब 10: 30 बजे की बताई जा रही है। हादसे में ट्रैक्टर चालक भगवत सिंह लोधी निवासी अनगौर जिला छतरपुर घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल बटियागढ़ थाना पुलिस पूरी घटनाक्रम की जांच कर रही है।

## माला जलाशय में क्षमता से अधिक पानी, हुआ ओवरफ्लो



**बनवार।** जिले का सबसे बड़ा जलाशय माला मानगढ़ बीते एक दिन की बारिश में अपनी 21 फीट की जलभराव की क्षमता से अधिक हो गया और अब ओवरफ्लो शुरू हो गया। माला जलाशय के ओवरफ्लो से निकली जनपद जबेरा इकलौती शून्य नदी की जल धारा तेज गति से प्रवाहित हो गई है जिससे क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। 50 किमी के पहाड़ी क्षेत्र के कई नदी, नालों सहित शून्य नदी का जल मानगढ़ जलाशय में समाहित होता है इससे बम्होरी अंचल के दर्जनों गांव में रवि, खरीफ सीजन की फसलों की सिचाई होती है और क्षेत्र का कि सान एक बार जलाशय में पूर्ण जलभराव होने पर दोनों फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त जल का स्टाक मानकर फसलों की सिचाई की चिंता से दूर हो जाती है। माला मानगढ़ जलाशय अपनी भराव क्षमता को पूर्ण करने पर जलमग्न होने पर आकर्षक नजारा दिखाई देता है जहां तक नजर पहुंचती है पानी ही पानी दिखाई देता है। इस दृश्य को देखने के लिए पूरे क्षेत्र के लोग पहुंच रहे हैं 18 किमी के क्षेत्रफल में फैले जलाशय में 40 किमी की दूरी पर कटनी जिले के बहोरीबंद, बाकल तक बारिश का पानी जलाशय में समाहित होता है इससे जलाशय क्षेत्र में माला बम्होरी अंचल में शुरुवाती वारिश की स्थिति में भी यदि कटनी जिले में बारिश हो जाए तो यह जलाशय अपनी जल भराव क्षमता 21 फीट को पूर्ण कर लेता है। ऐसा कोई वर्ष नहीं जिसमें सूखे के हालातों में भी सौ वर्ष की आयु को पूर्ण कर रहे माला जलाशय ने अपनी जलभराव क्षमता से अछूता रहा हो अंग्रेजी शासन में बने जलाशय की जल भराव क्षमता बड़ी ही अदभूत होने के साथ-साथ जलाशय की तकनीक भी अद्भुत है। 1929 से लेकर 2025 तक जलाशय 96 वर्ष की आयु में जलाशय के बांध में समाहित शून्य नदी सहित दर्जनों छोटी-मोटी नदी, नालों के जल के तेज बेग ने जलाशय के बांध की मजबूती को चुनोती नहीं दे पाया है। माला जलाशय से नहरों के द्वारा मिलने वाली सिंचाई सुविधा के चलते इस क्षेत्र को धान का कटोरा भी कहा जाता है।

### सचेत गोयल बने हिंडोरिया के पहले सी.ए.

**हिंडोरिया ।** हिंडोरिया के युवा सचेत गोयल पिता संतोष कुमार अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) फाइनल परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा हाल ही में घोषित परिणामों में सचेत ने अपनी मेहनत और लगन से यह प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल की । सीए की परीक्षा को देश की सबसे कठिन एवं प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक माना जाता है, और इसे उत्तीर्ण करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। सचेत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और दोस्तों को दिया, जिन्होंने इस पूरी यात्रा में उनका साथ दिया और मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि उनका अगला लक्ष्य एक प्रतिष्ठित फर्म में अपनी सेवाएं देना और देश की आर्थिक प्रगति में योगदान करना है।



In The Court Of Sushri Tasleem Nizami, III Civil Judge Class-II, District Court, Damoh

Presiding Officer : सूश्री तसलीम निजामी

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS B/0000008/2024)

बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा दमोह द्वारा शाखा प्रबंधक प्रशांत मिश्रा.......वादी Vs

अनुराग दुबे................प्रतिवादी

TID/2183

Process Id-/529 / 2025

पेशी दिनांक :-25/07/2025

प्रेषिती-

(1) अनुराग दुबे पिता परसराम दुबे पता- ढिगसर मुड़िया थाना दमोह देहात जिला दमोह

यह कि प्रार्थी बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा दमोह द्वारा शाखा प्रबंधक प्रशांत मिश्रा ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें

यह आज तारीख 03 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

सील

तसलीम निजामी
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड II, दमोह (म.प्र)

कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## कुण्डलपुर में सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य आयोजन



**कुण्डलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में बड़े बाबा मंदिर परिसर में जहां एक और अष्टांन्हिका महापर्व में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन 1 जुलाई से 8 जुलाई तक आयोजित हुआ वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक शांतिधारा पूजन विधान देश के कोने-कोने से आए भक्तों द्वारा किया जा रहा है। श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में पुन्यार्जक परिवार, दमोह जिला के श्रद्धालु भक्तों सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालु भक्तों ने बढ़चढ़ कर भक्ति भावपूर्वक सिद्धों की आराधना की। प्रचार मंत्री जयकुमार जलज ने बताया विधान के सातवें दिन विधान में सम्मिलित बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा 1024 अर्घ समर्पित किए गए। अंतिम दिवस हवन यज्ञ हुआ। श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का सर्वाधिक रिकॉर्ड बनाने वाले विधानाचार्य विद्वान पं. ब्रह्मचारी संजीव भैया जी कटंगी के कुशल मार्गदर्शन में ब्रह्मचारी अनुज भैया सहित संगीतकार राजेश जैन बागीद्वारा संगीत पार्टी की संगीत की मधुर स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालुओं ने अत्यंत भक्ति पूर्वक नाचते गाते सिद्धों की आराधना करते प्रतिदिन बढ़ते क्रम में प्रत्येक अर्घ समर्पित किये। प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांति धारा ,पूजन ,बड़े बाबा महामंडल विधान हुआ। इस अवसर पर प्रथम अभिषेक शांतिधारा रिद्धिमंत्र कलश ,आरती, छत्र ,चंवर चढ़ाने का सौभाग्य अरविंद आरुष खेमचंद जैन जबलपुर, विकास आकांक्षा अनुज परिवार अहमदाबाद, अजित अनिल जबलपुर, वैभव मनोज झांसी, अमियवर्धन जैन सतना संजय जैन बांसवाड़ा ,राकेश सरिता आदित्य सोनम सिंघई परिवार हटा ,अशोक अमित इटारसी, अभिषेक सुभाष यशी परिवार ग्वालियर, स्नेह ममता ब्रह्मचारिणी गोल्डी दीदी परिवार सागर , वीरेन्द्र सन्मति सानिध्य सिंघई जबेरा, मुकेश पियूष चौधरी पनागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने प्राप्त किया। सिद्ध चक्र महामंडल विधान पुन्यार्जक परिवार क्षुल्लक स्वस्तिक सागर जी महाराज का ग्रहस्थ जीवन का परिवार श्रीमंत संतोष सिंघई रेशु सिंघई परिवार दमोह, शीलचंद बैसाखिया परिवार दमोह सहित कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी का सराहनीय सहयोग रहा।

### प्रशिक्षण में सिखाई शिक्षण की बारीकियां



**पटेरा।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश अनुसार विकासखण्ड पटेरा में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण में कक्षा छठवीं की सामाजिक विज्ञान आधारित शिक्षण की बारीकियां बताई गई। पुस्तक में हुए बदलाव एवं एनसीएफ 2023 की रूपरेखा तथा शिक्षण पेडागाजी को समझाया। शिक्षक मार्गदर्शिका अनुसार पाठ योजना कैसे तैयार करें, अध्याय शिक्षण चक्र के बिन्दुओं का समावेशन, सामाजिक विज्ञान के उद्देश्य आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जनशिक्षकों सहित 53 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनर श्याम सुन्दर प्यासी, अशोक कुमार बिदोल्या रहे। प्रशिक्षण प्रभारी शिशिर पंड्या एवं बीआरसी दिलीप कुमार उपाध्याय की पूरे समय उपस्थिति रही।